Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ट मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

Cloze Test for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

Hindi Cloze Test Quiz 1

दिशानिर्देश: नीचे दिए गए पदों में कुछ शब्द छोड़ दिए गए है, प्रत्येक परिच्छेद के सामने पाँच विकल्प दिए गए हैं, इन पाँचों में से कौन-सा विकल्प रिक्त स्थानों की पूर्ति करेगा?

महाराष्ट्र में राजनीतिक अस्थिरता का संकेत देने वाली जो बयानबाजी पिछले एक-दो दिनों में कई दिशाओं में हुई है, वह बेहद ______ A ______ है। गनीमत है कि नेताओं को बात जल्दी समझ में आ गई और उन्होंने समय से अपने जुबानी घोड़ों की लगाम खींच ली। कोरोना से लड़ाई पूरे देश में चल रही है लेकिन महाराष्ट्र इसका सबसे महत्वपूर्ण मोर्चा है।

पूरे देश के कुल संक्रमितों का एक तिहाई से ज्यादा हिस्सा यहीं है और औद्योगिक रूप से यह देश का सबसे अग्रणी राज्य भी है। जाहिर है, कोरोना वायरस को निर्णायक रूप से ______ B ______ देने की बात हो या अर्थव्यवस्था को लॉकडाउन से आई मंदी के ______ C ______ से निकालने की, कांटा आखिरी तौर पर वहीं जाकर ठहरता है। महाराष्ट्र उभरेगा तभी राष्ट्र के उभरने की संभावना बनेगी। राहत की बात कोई है तो वो यही कि महाराष्ट्र की सरकारी मशीनरी अपने काम की अहमियत को समझते हुए पूरी शिद्दत से यह लड़ाई लड़ रही है। अपनी पार्टी शिवसेना के पारंपरिक मुहावरों और कार्यशैली को एक तरफ रखकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इस संकट के दौरान अपने राज्य में फंसे प्रवासी मजदूरों में भरोसा पैदा करने के ______ D ______ प्रयास किए हैं।

संसाधनों की सीमाओं के बावजूद कोरोना से लड़ाई में स्थितियां बेहतर हुई हैं। पिछले दो महीने की मशक्कत के बल पर संक्रमण के मामले दोगुने होने की अवधि को तीन दिन से बढ़ाकर 14 दिन पर ला दिया गया है। राज्य में कोरोना से मृत्यु दर अप्रैल में 7.6 फीसदी थी जो अब 3.25 फीसदी रह गई है। तात्पर्य यह नहीं कि प्रदेश में कोरोना की चुनौती कमजोर पड़ गई है या राज्य मुसीबत से बाहर आ चुका है। ऐसी संभावना अभी दूर की बात है। लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि सरकार और सरकारी तंत्र पूरी ______ E ______ से जूझ रहे हैं और एक-एक इंच सही करके ही, आगे बढ़ रहे हैं।

Smartkeeda
The Question Bank

1. A.

A. चिंताजनक
B. निराशाजनक
C. सोचनीय
D. खौफनाक
E. सामान्य

2. B.

A. हरा
B. शिकस्त
C. परास्त
D. विजय
E. इनमें से कोई नहीं

3. C.

A. प्रभाव
B. दुष्चक्र
C. कुप्रभाव
D. उपरोक्त सभी
E. B और C

4. D.

A. सामुहिक

B. मिलकर

C. व्यक्तिगत

D. मिल-कर

E. इनमें से कोई नहीं

5. E.

A. तरह

B. तरफ

C. तरीके

D. ताकत

E. उपरोक्त सभी

Smartkeeda
The Question Bank

Correct answer:

1	2	3	4	5
A	B	B	C	D

Explanation:

1. उपरोक्त परिच्छेद में महाराष्ट्र में आयी राजनीतिक अस्थिरता का जिक्र किया गया है, जो कि इस कोरोना के समय में एक चिंताजनक विषय है। अतः "चिंताजनक" सही विकल्प होगा।

इस कारण विकल्प A सही चयन है।

2. उपरोक्त परिच्छेद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि महाराष्ट्र में कुल कोरोना का एक-तिहाई हिस्सा है, और पूरे देश में महाराष्ट्र एक प्रमुख मोर्चा है। ऐसे समय में सारी परिस्थितियों को छोड़कर कोरोना को शिकस्त देने की जरुरत है। अतः "शिकस्त" सही विकल्प होगा।

इस कारण विकल्प B सही चयन है।

3. उपरोक्त परिच्छेद से यह ज्ञात होता है कि कोरोना के बढ़ते प्रभाव और लॉकडाउन से आई मंदी के गलत प्रभाव या दुष्चक्र से बाहर निकलना बहुत जरूरी है। अतः "दुष्चक्र" और कुप्रभाव सही विकल्प होगा।

इस कारण विकल्प B सही चयन है।

4. उपरोक्त परिच्छेद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि मुख्यमंत्री "उद्धव ठाकरे" ने प्रवासी मजदूरों में इस विकट परिस्थिति में धैर्य से काम लेने की अपील की है, कारणवश यह उनका व्यक्तिगत प्रयास है। अतः "व्यक्तिगत" सही विकल्प होगा।

इस कारण विकल्प C सही चयन है।

5. उपरोक्त परिच्छेद के अध्ययन से यह ज्ञात होता कि कोरोना की लड़ाई सरकार और सरकारी तंत्रो के प्रयास का जिक्र किया गया हैं, जो कि सरकार की पूरी ताकत को दर्शाता है। अतः "ताकत" सही विकल्प होगा।

इस कारण विकल्प D सही चयन है।

Smartkeeda The Question Bank

SmartKeeda
The Question Bank
Presents
TestZone
India's least priced Test Series platform
JOIN
ALL BANK EXAMS
2020-2021 Test Series
@ Just
₹599/-
300+ Full Length Tests
Brilliant Test Analysis
Excellent Content
Unmatched Explanations
JOIN NOW